तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 18 अगस्त 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 सेवा सहकारी समिति मर्यादित बारगांव में हुआ ध्वजारोहण



12 स्कूलों में एक दिन पहले दिखा रक्षाबंधन का उत्साह...



## खबर संक्षेप

### कपिलेश्वर मंदिर व पड़कीभाट से निकली गई कांवर यात्रा

**बालोद।** सावन माह में कांवड़ यात्रा का सिलसिला कल थम जाएगा। सावन माह का अंतिम सोमवार कल है। बीते वर्षों की तुलना में इस वर्ष कांवड़ यात्रा में कांवड़ियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। बता दें कि सावन माह की शुरुआत होते ही जिले के हर एक क्षेत्र से शिव भक्तों द्वारा भक्ति गीतों में थिरकते हुए कांवड़ यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने पैदल चलते हुए जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव को जलाभिषेक किया। शनिवार को भी शहर के कपिलेश्वर मंदिर से और ग्राम पड़कीभाट से सैकड़ों की संख्या में महिला, बच्चे, बुजुर्ग और युवाओं ने कांवड़ यात्रा निकाली। शिव भक्तों ने भक्ति गीतों में थिरकते हुए यात्रा में शामिल हुए।

### अलग-अलग गांवों से 13 जुआरी गिरफ्तार 15 हजार नकद जब्त

**बालोद।** जिले के गुण्डरदेही थाना क्षेत्र में दो अलग अलग गांवों में ताश खेल रहे 13 जुआरियों को 15 हजार रुपए नकद के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। पकड़े गए जुआरियों के पास नगदी रकम के साथ 52 पत्ती ताश भी जब्त की गई। गुण्डरदेही पुलिस ने ग्राम सिकोसा के हीरालाल पनझारे, अर्जुन बारले, अजय बांधे, चंद्रभूषण बारले, भागवत निषाद, अमरदास मारकण्डे व दीपक मारकण्डे को तथा ग्राम भरदाखुर्द निवासी रूपेश कुमार निषाद, तोरण पवार, दिलीप निषाद, खिलेश्वर सेन, चन्दू यादव तथा गोपाल ठाकुर इन सभी जुआड़ियों को 11 अगस्त की रात तास खेलते पकड़ा गया है। जुआरियों पर जुआ एक्ट की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

### कांग्रेस ने निकाली संविधान यात्रा

**डौंडीलोहारा।** स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व डौंडीलोहारा की विधायक अनिला भेंडिया के दिशा निर्देशन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भवन से बाजार चौक व सदर चौक से कांग्रेस भवन तक संविधान को मजबूर करने यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा लेकर जय संविधान के नारों के साथ गांधी जी के प्रिय भवन रघु पति राघव राजा राम के साथ शांति पूर्वक हुई। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोपाल प्रजापति, हस्तीमल सांखला जिला महामंत्री, मेघनाथ साहू ब्लाक महामंत्री, ताराचंद लोढा, विद्या शर्मा, अनिता शर्मा, लोकेश्वरी साहू, लक्ष्मी ध्रुव, अनिता साहू, लोकनाथ निषाद, ममता शर्मा, उत्तम ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सेजस जामगांव आर में बच्चों को सिखाया योग

**जामगांव आर।** सेजस जामगांव आर प्राचार्य राजेश पिल्लई शनिवार प्रातः विद्यालय पहुंचे। उन्होंने सैकड़ों विद्यार्थियों को योग की प्रत्येक विधा से अवगत कराया और योग कराया। बच्चों ने अनुशासन का पालन करते हुए योग का अभ्यास किया।

### विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण को निरस्त करने की मांग

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष योगेंद्र नाथ देवांगन ने प्रदेश के शिक्षकों के लिए लागू की गई विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, दल्लीराजहरा के माध्यम से मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव और संचालक लोकशिक्षा संचालनालय रायपुर छत्तीसगढ़ को ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर उनके साथ केके मेश्राम , भोजराज साहू, ताराचंद्र निषाद, लोकेन्द्र ध्रुवे, रितेश मंडावी, देवाश्री श्रीवास्तव, टेमेंद्र भुआर्य, विनीता भुआर्य सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

**प्रदर्शन :** सामूहिक अवकाश पर रहे डॉक्टर व अन्य स्वास्थ्य कर्मी

# कोलकाता की घटना पर जिले में भी भारी आक्रोश, इमरजेंसी छोड़ बंद रहीं स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

- जिला अस्पताल में किया प्रदर्शन, निकाली रैली

कोलकाता में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और उनकी हत्या का देश की हर जगह विरोध हो रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी व उन पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी तरह जिला मुख्यालय स्थित जिलेभर में भी घटना को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। जिला अस्पताल के ओपीडी सहित जिले के डॉक्टरों के सामूहिक अवकाश पर रहने के कारण स्वास्थ्य सेवाएं पूर्णतः बंद रहीं। हालांकि, आपातकालीन सेवाओं को चालू रखा गया था। अस्पतालों में उपचार कराने पहुंचे मरीजों परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बता दें कि कोलकाता में एक ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के विरोध व हेल्थ प्रोफेशनल्स विशेषकर महिलाकर्मियों की सेफ्टी और सिक्योरिटी को लेकर डॉक्टर व कर्मचारी 17 अगस्त शनिवार सामूहिक अवकाश पर रहे। बेमेतरा जिले के सब सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल में ओपीडी सर्विसेज जहां प्रभावित रही वही जिले के डॉक्टरों ने अवकाश पर रहकर प्रदर्शन किया और रैली निकाली। इस दौरान प्रोटेक्शन एक्ट को लंबित रखे जाने पर डॉक्टरों ने आक्रोश जताया। इस दौरान रश्मि ताम्रकार के प्रतिनिधत्व में आल इंडिया लिनेश क्लब की महिलाएं भी समर्थन देते हुए विरोध प्रदर्शन शामिल हुईं।







### कार्यस्थल पर भी सुरक्षा नहीं

आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में संघ के डॉ बुद्धेश्वर वर्मा और डॉ खगदेव साहू ने बताया कि हम चिकित्सक अपने कार्य स्थल में सुरक्षित नहीं हैं। अतः हमारी प्रमुख मांगें हैं कि कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई रेप और मर्डर की घटना एवं उसके बाद हुई माब वायलेंस में शामिल असामाजिक तत्वों एवं जिम्मेदार अस्पताल प्रशासन पर भी सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं, सभी मेडिकल प्रोफेशनल्स विशेषकर महिला स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए कड़े कानून बनाने और संस्था प्रमुख, अस्पताल प्रशासन, पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी तय की जाए। इसके अलावा मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट के तहत 10 साल की सजा का प्रावधान किया जाए। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन द्वारा 17 अगस्त को सामूहिक अवकाश पर जाने का निर्णय लिया गया था, किंतु इमरजेंसी सेवाओं का संचालन भी अत्यंत आवश्यक है। अतः आपातकालीन सेवाएं बहाल रहीं।

### आज भी बंद रहेंगी स्वास्थ्य सेवाएं

संघ के लोगों ने बताया कि 18 अगस्त की शाम 6 बजे तक इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर निजी अस्पतालों व नर्सिंग होम में ओपीडी व अन्य सेवाएं बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

### आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने डॉक्टरों ने की हड़ताल




**साजा।** कलकत्ता में डॉक्टर साथी के साथ क्रूरतापूर्ण घटना के विरोध में और मामले के आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा के समस्त डॉक्टर व स्टाफ शनिवार को सामुहिक अवकाश पर रहे। इसके कारण ओपीडी बंद तथा अन्य सेवाएं बंद रहीं। हालांकि अत्यावश्यक सेवाओं को चालू रखा गया। इस दौरान डॉ.ए.के वर्मा बीएमओ,डॉ.अविनाश कुमार मार्केंडेय,ब्रजेश दुबे,आरएमए,विनोद कुमार बघेल ओएओ,पीएल नेगी,सुपरवाइजर,केएन साहू,सुपरवाइजर, पुरन दास टंडन,एसटीएस व अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

### परपोड़ी स्थित पीएचसी में इमरजेंसी को छोड़कर बंद रहीं स्वास्थ्य सेवाएं




**बेमेतरा/परपोड़ी।** देश के कोलकाता शहर में डॉक्टर से हुई जघन्य अपराध के विरोध में ज़िला के सीमावर्ती परपोड़ी इलाके में संचालित शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में अस्पताल के सभी स्थानीय चिकित्सक एकदिवसीय हड़ताल पर रहे। जहां कल पूरे दिन ओपीडी के कार्य प्रभावित रहे। जिसके लिए अस्पताल के द्वार पर ही एक दिन के लिए ओपीडी सेवा बन्द होने का चस्पा लगा दिया गया था। बताया गया है कि कोलकाता शहर के एक महिला डॉक्टर के साथ जिस तरह दरिंदगी की गई थी उससे चिकित्सकों मर काफी आक्रोश है इसी के विरोध स्वरूप चिकित्सा संघ के आह्वान पर कल परपोड़ी परिक्षेत्र के 31 गाँव के इस सरकारी अस्पताल में पदस्थ सभी 31 स्वास्थ्यकर्मी एवं डॉक्टर सुबह से ही मुख्य द्वार पर नारेबाजी कर हड़ताल पर बैठ गए। इसके कारण दिनभर इलाके की चिकित्सकीय सेवा प्रभावित रही। ज्ञात हो कि इस अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 80 मरीज अपना इलाज व स्वास्थ्य परीक्षण करने आते हैं जो कल के हड़ताल के कारण मरीजो व क्षेत्रवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय के संविदा शिक्षक एवं कर्मचारियों ने विधायक से की भेंट



### अपनी समस्याएं बताकर उनके समाधान की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी व हिंदी माध्यम विद्यालय में कार्यरत संविदा शिक्षक एवं कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों तथा समस्याओं के निवारण के लिए छत्तीसगढ़ सेजेस संविदा शिक्षक व कर्मचारी संघ के जिला इकाई बेमेतरा ने बेमेतरा विधायक दीपेश साहू से मुलाकात की। संघ जिला अध्यक्ष योगेश साहू ने बताया कि इन विद्यालयों में संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी विगत चार वर्षों से कार्यरत हैं तथा सच्ची लगन और मेहनत से अध्यापन कार्य के साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधि भी करा रहे हैं। उनका ही परिणाम है कि इन विद्यालयों के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट है। जिला बेमेतरा में इन्हीं विद्यालय की छात्रा ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है तथा ऐसे अनेक उपलब्धियां सेजेस विद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों ने प्राप्त की है। परंतु आज इन विद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी विभिन्न समस्याओं जैसे वेतन विसंगति, प्रतिमाह वेतन का भुगतान में विलंब होना, चार वर्षों से एक ही वेतनमान में कार्यरत होना आदि से जूझ रहे हैं। जिले में संचालित इन विद्यालयों में कार्यरत प्री प्रायमरी के कर्मचारियों का वेतन विगत 5 माह से प्राप्त नहीं हुआ है। इन समस्याओं के समाधान के लिए बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने आश्वासन दिया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सेजेस संविदा शिक्षक व कर्मचारी संघ के जिला इकाई बेमेतरा से जिलाध्यक्ष योगेश साहू, उपाध्यक्ष यमन साहू, सहसचिव हरीशंकर चंदेल, जिला सदस्य ईश्वर साहू, विनायक कर्ष, योगेश प्रजापति, अनूप सिंह, दिव्य दीप सिंह, प्रसन्न जायसवाल, अंसुल दुबेले, अविनाश यादव उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित




### स्वतंत्रता दिवस पर को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालय बेसिक स्कूल परेड ग्राउण्ड में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने विधायक दीपेश साहू एवं अन्य अतिथियों की मौजूदगी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों प्रशस्ति पत्र प्रदानकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनोज तिर्की, थाना बेरला एवं सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, उप निरीक्षक (अ) प्रदीप देशमुख, सउनि द्वारिका प्रसाद देशलहरे, प्रधान आरक्षक लोकेश सिंह, प्रधान आरक्षक खुबचंद बघेल, प्रधान आरक्षक दौलत वर्मा, आरक्षक विकास सिंह, महिला आरक्षक सरला भारती शामिल हैं।

### देशभक्ति यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

युवा सेवा संघ ने स्वतंत्रता दिवस पर विशाल देशभक्ति तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। युवा सेवा संघ अध्यक्ष सोनू साहू ने बताया कि यह दिन याद दिलाता है कि आजादी दिलाने वालों ने कितनी कुर्बानियां दीं। उन सभी कर्म योगियों को इस दिन हम मानसिक रूप से स्मरण करके धन्यवाद देते हैं। भगवान उनको अपनी आत्मस्मृति का परम प्रसाद दें। इस यात्रा में समिति के संरक्षक भगवती साहू, अयोध्या यदु, कन्हैया साहू, ढारेंद्र साहू, अनूप यादव, विक्रम साहू, सोनू साहू, विकाश तम्बोली, भुवन साहू, प्रदीप साहू, मनोज साहू, कुश कश्यप, यमन देवांगन, मनोज श्रीवास, प्रवीण साहू, तोपेश्वर साहू, डॉ जनक, जगत साहू, खुमान श्रीवास, सुरेश देवांगन, हेमलाल साहू, सिद्धांत चौहान, रेवाराम, दानेश्वर साहू, प्रेमु साहू, चंदू साहू,भागवत, अरुण, चित्रेण साहू के साथ-साथ महिला मंडल की बहनें भी बड़ी संख्या में शामिल हुईं।

**राखियों के साथ ही कपड़ों, मिठाइयों सहित अन्य दुकानों में भी उमड़ रही भीड़**

# रक्षाबंधन कल, त्योहार को लेकर सजे बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

रक्षाबंधन का त्योहार सोमवार को मनाया जाएगा। वहीं, जिले में पर्व की तैयारियां जोरों पर है। जिला मुख्यालय सहित अन्य शहरी व कस्बे से लेकर ग्रामीण इलाके तक स्थानीय बाजार इन दिनों आकर्षक राखियों से सज चुके हैं। वहीं, इस पर्व के लिए बहनें अपने मायके भी पहुँचने लगी हैं, जहाँ पर वे पर खुशी से अपने भाइयों को रक्षाबन्धन के दिन तिलक लगाकर उनकी कलाईयों में राखी बांधकर उनसे रक्षा का वादा लेंगी। वहीं भाई भी बहनों को सुरक्षा की सौगंध ली। उपहार स्वरूप साड़ी व अन्य चीजें तोहफे के रूप में दी जाएगी। चूंकि आगामी पर्व के अवसर पर इन दिनों बाजार में हर साल की तरह रौनक नज़र आने लगी है। रक्षाबन्धन के इस अनोखे बन्धन पर्व पर राखियों के साथ मिठाई व कपड़े सहित उपहारों के प्रतिष्ठानों व दुकानों में काफी भीड़ देखने को मिल रही है।

गौरतलब है कि आगामी कल 19 अगस्त को भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन समूचे जिलेभर में बड़े ही हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया जाएगा। जिसके लिए स्थानीय मार्केट में रेशम की डोर को सँजोये विभिन्न कलाकृतियों में मनमोहक राखियां बिकने लगी है। जिसकी अभी से ही खूब खरीदारी भी होने लगी है।



बहनों को भा रहीं रंग-बिरंगी राखियां

### अतरगढ़ी स्कूल में बच्चों ने बनाई रंग बिरंगी राखियां



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय अतरगढ़ी में भाई बहन के पवित्र रिश्ते एवं बच्चों में नैतिक मूल्य के विकास के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राखी बनाओ प्रतियोगिता एवं सामूहिक रक्षाबंधन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी क्लास के बच्चों ने रंग बिरंगी राखियां बनाईं। बच्चों ने ऊन, धागा, कलर पेपर, मोती माला और स्टोन का उपयोग कर तरह-तरह के डिजाइन की राखियां बनाईं। नवाचारी शिक्षिका और संकुल समन्वयक स्मिता साहू ने रक्षाबंधन के बारे में सभी बच्चों को जानकारी दी और बताया कि भारत के कई त्योहारों में रक्षाबंधन का खास स्थान होता है। यह मुख्य रूप से भाई-बहनों के प्यार और उनके अटूट रिश्ते को दर्शाता है। प्रमुख रूप से हिन्दुओं का यह त्योहार हिन्दू कैलेण्डर के अनुसार श्रावण महीने में पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। पूरे भारत में इस धर्म निरपेक्ष त्योहार को सभी आपस में मिलजुल कर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। राखी बनाओ प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी की कृति यादव प्रथम स्थान और विराज चौहान द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चों को पेन देकर पुरस्कृत किया गया। इस प्रकार के आयोजन प्रत्येक शाला में होना चाहिए। क्योंकि, ऐसे गतिविधि से बच्चों में रचनात्मक और नैतिक मूल्यों का विकास होता है।

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# राजधानी एक्सप्रेस में यात्रियों को देंगे होटल जैसे मुलायम कंबल, लिनेन की नई चादर भी

## सालों बाद रेलवे ने ट्रायल के तौर पर बदले चादर, तकिया और कंबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे के एसी कोच में वर्षों बाद कंबल, तकिया और चादर में बदलाव किया जा रहा है। रूखे कंबल, चादर और रंग को लेकर ट्रेनों में लंबे समय से यात्रियों की शिकायत रहती है, जिसे अब दूर करने रेलवे ने नई व्यवस्था बनाई है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

राजधानी एक्सप्रेस की ट्रेनों में रेलवे परीक्षण के तौर पर नए प्रकार की लिनेन चादरों की शुरुआत की है, जिसमें यात्रियों को पुरानी सफेद चादर के बजाय नई डिजाइन में तैयार अल्ट्रा सॉफ्ट लिनेन देनी शुरू की है। इस नई सुविधा की शुरुआत सबसे पहले रांची के राजधानी एक्सप्रेस में की गई है। अब बिलासपुर राजधानी में भी जल्द ही सफर करने वाले यात्रियों को अल्ट्रा-सॉफ्ट लिनेन चादरें दी जाएंगी। यह नई लिनेन बेहतरीन गुणवत्ता और आराम देने के लिए तैयार की गई है। इस नए कपड़े से यात्रियों को होटल जैसा आराम मिलेगा। कई ब्रांड की मदद से इस लिनेन को तैयार किया गया है।

- रांची राजधानी और बिलासपुर राजधानी में ट्रायल के तौर पर सुविधा
- इस नए कपड़े से यात्रियों को होटल जैसा आराम मिलेगा

### फीडबैक के आधार पर अन्य ट्रेनों में मिलेगी सुविधा

रेलवे ने अब रांची के बाद बिलासपुर राजधानी एक्सप्रेस में यह सुविधा शुरू करने का फैसला लिया है। नए बेडरोल से गुणवत्ता को लेकर यात्रियों की शिकायतें कम होंगी। अभी इन लिनेन को ट्रायल बेसिस पर चलाया जा रहा है और पैसेंजर्स से मिलने वाले फीडबैक के आधार पर इसे आगे और ट्रेनों में बढ़ाया जाएगा। यह पहल भारतीय रेलवे की ओर से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।



### फिलहाल ट्रायल

भारतीय रेलवे ट्रायल रूप में नए बेडरोल की सुविधा शुरू कर रहा है। फीडबैक के आधार पर इसका विस्तार रेलवे बोर्ड तय करेगा।

- डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव, सीपीआरओ, दपूमरे

### यात्रियों को त्वचा में नहीं होगी खुजलाहट

भारतीय रेलवे ने बताया कि पहली बार अपना नया विकसित प्रीमियम अल्ट्रासॉफ्ट लिनेन कलेक्शन पेश किया है। भारतीय मानक ब्यूरो और अग्रणी उद्योग विशेषज्ञों के परामर्श के बाद इसे यात्रियों को देने का निर्णय लिया गया है। रेलवे ने बताया कि ये नई लिनेन त्वचा के लिए बहुत ही मुलायम है। इसमें पिलो प्रोटेक्शन, सुपर अब्जॉर्बेंसी, हवादार, लंबी उम्र और सौ प्रतिशत कॉम्बेड कॉटन जैसी खूबियां शामिल हैं। इसके अलावा इसमें हाई टीसी बेडशीट और पिलो कवर, शानदार सफेदी, कम पानी की खपत, कम लिंट, प्रीमियम ऊनी कंबल, कम सीओ-2 उत्सर्जन और गर्दन के बेहतर सपोर्ट के लिए बेहतरीन फाइबर भी शामिल हैं। इसमें लंबे समय तक चलने वाली खुशबू होगी।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री कल करेंगे दिव्य कला मेले का उद्घाटन

**रायपुर।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार आज 17वें दिव्य कला मेले का उद्घाटन करेंगे। एक सप्ताह की अवधि का यह मेला दिव्यांग कारीगरों और उद्यमियों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ उनकी प्रतिभा और रचनात्मकता का उत्सव मनाएगा। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तहत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) द्वारा किया जा रहा है। यह दिव्य कला मेला 20 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 100 से अधिक दिव्यांग कारीगरों, कलाकारों और उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की एक विविध श्रृंखलाओं के प्रदर्शन के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। इसमें घर की सजावट, जीवनशैली के उत्पाद, कपड़े, पर्यावरण के अनुकूल सामान, पैकेज्ड खाद्य पदार्थ आदि वस्तुओं का एक अनुपम संग्रह होगा। आगंतुकों को इन हस्तनिर्मित वस्तुओं को देखने और खरीदने का अनूठा अवसर मिलेगा, जिनमें से प्रत्येक अपने निर्माताओं की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और रचनात्मकता को दर्शाता है।



### पंचायत एवं निकाय चुनाव को लेकर आप की बैठक

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के आगामी नगरीय निकाय चुनाव व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर अपनी तैयारी में जुट गई है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को रिंगरोड-1 सिद्धि विनायक पैलेस में प्रदेश स्तरीय बैठक की गई, जहां आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर आपस में खुशियां बांटीं। इस दौरान पूरे प्रदेश के पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब तक कोई भी सरकार आम जनता के मुद्दों पर कार्य करने की चाहत रखते हुए नहीं दिखी, आज छत्तीसगढ़ में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करने की दिशा में कार्य नहीं हो रहे हैं। इस दौरान जशबीर सिंग, वदूद आलम, नंदन सिंग, उत्तम जायसवाल, देवलाल नरेटी, प्रियंका शुक्ला, लुइस मिंज, तेजें तोड़ेकर,अभिषेक मिश्रा, राज बहादुर सिंग, समीर खान, दुर्गा झा, अरुण नायर, संचित विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## राशन उपभोक्ताओं को नवीनीकरण कराना अनिवार्य

# नवीनीकरण में बीजापुर अव्वल, दुर्ग पिछड़ा, 5.40 लाख कार्डधारियों ने अब तक नहीं कराया रिनीवल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नया राशनकार्ड बनवाने के लिए नवीनीकरण अनिवार्य है। प्रदेश के जिलों में नवीनीकरण कराने में बीजापुर पहले स्थान पर है। यहां 99.74 प्रतिशत धारकों ने अपना नवीनीकरण करा लिया है, वहीं सबसे पीछे दुर्ग है, जहां 86.11 प्रतिशत कार्डधारकों का नवीनीकरण हो पाया है। इस वजह से दुर्ग नवीनीकरण कराने में 33वें स्थान पर हैं, जबकि 32वें स्थान पर रायपुर जिला है।

हरिभूमि फॉलोअप

रायपुर में भी अब तक 86.87 प्रतिशत कार्ड धारकों का नवीनीकरण हुआ है। हालांकि रायपुर में अन्य जिलों की तुलना में कार्ड संख्या भी सबसे अधिक है। इस लिहाज से देखें तो रायपुर में नवीनीकरण का प्रतिशत के आंकड़े बेहतर हैं। इधर इन आंकड़ों के बावजूद प्रदेशभर में अभी भी 5 लाख 40 हजार के करीब कार्डधारकों का नवीनीकरण नहीं हो पाया है, जबकि इसकी मियाद खत्म हो चुकी है। नागरिक आपूर्ति एवं खाद्य विभाग ने नवीनीकरण की अंतिम तारीख 15 अगस्त 2024 निर्धारित की थी। यह अवधि अब खत्म हो चुकी है, इसके बाद नवीनीकरण की तारीख बढ़ाए जाने संबंधी आदेश जारी नहीं हुआ है।

### नवीनीकरण नहीं कराया तो बढ़ सकती है परेशानी

नवीनीकरण नहीं कराने वाले कार्डधारकों की परेशानी बढ़ सकती है। नवीनीकरण कराने के बाद ही कार्डधारकों को नया कार्ड बनाकर दिया जा रहा है, लेकिन प्रदेशभर में अब तक 5 लाख 40 हजार के करीब कार्डधारकों द्वारा नवीनीकरण नहीं कराया गया है। इस कारण इन्हें नया कार्ड भी मिल नहीं पाएगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है, जब तक नया कार्ड बन नहीं जाता, तब तक पुराने कार्ड से ही हितग्राही खाद्यान्न ले सकता है, लेकिन यह सुविधा ज्यादा दिनों तक नहीं रहेगी। नवीनीकरण नहीं कराने के कारण पुराने कार्ड की आईडी ब्लाक हो सकती है, जिससे खाद्यान्न मिलने में परेशानी होगी।

### 15 अगस्त तक दी थी आवेदन के लिए मोहलत, वह भी समाप्त



### मिल सकती है मोहलत

नवीनीकरण कराने आवेदन भरने की अवधि खत्म हो चुकी है, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में कार्डधारकों ने नवीनीकरण नहीं कराया है, इसलिए इसकी तारीख बढ़ाई जा सकती है। फिलहाल अवधि बढ़ाने संबंधी आदेश नहीं आया है। - **भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक

### इनमें एपीएल के हितग्राही ज्यादा

सूत्रों के अनुसार, नवीनीकरण नहीं कराने वालों में एपीएल कार्डधारकों की संख्या सबसे ज्यादा है। रायपुर जिले में ही नवीनीकरण नहीं कराने वाले करीब 79 हजार कार्डधारकों में 50 हजार के करीब एपीएल हितग्राही हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि ज्यादातर एपीएल कार्डधारक अपना नवीनीकरण नहीं करा रहे हैं। हालांकि इसके अलावा अन्य कई कारण भी हैं। किसी धारक की मृत्यु हो चुकी है तो कोई जिला या राज्य छोड़कर चला गया है, कई धारक के परिवार में सदस्य अलग-अलग रहने लगे हैं, जिसके कारण नवीनीकरण नहीं करा रहे हैं।

### 93 प्रतिशत करा चुके, 7 प्रतिशत ने आवेदन ही नहीं दिए

प्रदेशभर में कार्डधारकों की संख्या 76 लाख 65 हजार 523 है। इनमें से 71 लाख 26 हजार 182 धारक नवीनीकरण के लिए आवेदन कर चुके हैं। इन आवेदनों के अनुसार धारकों की पीडीएफ फाइल भी बना दी गई है, वहीं 5 लाख 39 हजार 341 धारकों ने अब तक आवेदन नहीं किया है।

### जिलेवार कार्डों की संख्या एवं नवीनीकरण का प्रतिशत

| जिला | कार्डों की संख्या | नवीनीकरण का प्रतिशत |
|---|---|---|
| बीजापुर | 71290 | 99.74 |
| नारायणपुर | 36128 | 99.12 |
| सुकमा | 78639 | 99.06 |
| कांकेर | 187252 | 98.64 |
| दंतेवाड़ा | 80196 | 97.19 |
| धमतरी | 240674 | 97.14 |
| जशपुर | 246469 | 97.09 |
| कोंडागांव | 147078 | 96.87 |
| बालोद | 220460 | 96.73 |
| मोहला-मानपुर | 71864 | 96.47 |
| सूरजपुर | 233827 | 96.1 |
| खैरागढ़-गंडई | 107081 | 96.04 |
| बस्तर | 204200 | 95.51 |
| कवर्धा | 279183 | 95.45 |
| गरियाबंद | 204072 | 95.32 |
| बलरामपुर | 222722 | 95.09 |
| मुंगेली | 232783 | 94.37 |
| कोरिया | 81771 | 94.32 |
| बलौदाबाजार | 350641 | 93.94 |
| महासमुंद | 329220 | 93.88 |
| कोरबा | 336077 | 93.67 |
| बेमेतरा | 266604 | 93.37 |
| गौरेला-पेंड्रा | 110689 | 93.36 |
| जांजगीर-चांपा | 322330 | 92.98 |
| सक्ती | 225010 | 92.93 |
| रायगढ़ | 330361 | 92.52 |
| राजनांदगांव | 237917 | 92.39 |
| मनेंद्रगढ़-चिरमिरी | 107002 | 91.2 |
| सारंगढ़-बिलाईगढ़ | 214943 | 90.06 |
| सरगुजा | 279883 | 90.03 |
| बिलासपुर | 538021 | 89.03 |
| रायपुर | 600615 | 86.87 |
| दुर्ग | 470521 | 86.11 |

## यूपी के आधा दर्जन पॉकिटमार गिरफ्तार

# कथावाचक प्रदीप मिश्रा के पंडाल से उड़ाई सोने की तीन चेन



- पांच महिलाओं और एक युवक से पूछताछ में हुआ खुलासा
- आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने तीन सोने की चेन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राखी थाना क्षेत्र स्थित नवा रायपुर में कथावाचक प्रदीप मिश्रा के पंडाल में भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के गले से चेन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने पांच महिलाओं तथा एक युवक को गिरफ्तार किया है। ये सभी उत्तरप्रदेश से चोरी करने रायपुर आए थे। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की गई तीन चेन बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, चोरी के आरोप में उत्तरप्रदेश, आजमगढ़ निवासी अरविंद कुमार, पूजा देवी, सुनीता देवी, सपना देवी, आशादेवी, कौशिल्या देवी को गिरफ्तार किया है। भीड़ का फायदा उठाकर तीन महिलाओं के गले से सोने की चेन पार होने की घटना सामने आने के बाद पुलिस ने होटल तथा लॉज की निगरानी करते हुए सभी को गंज स्थित एक लॉज में संदिग्ध हालत में देखा। इसके बाद पुलिस ने बैग की तलाशी ली तो बैग के अंदर तीन चेन मिली। पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने तीन महिलाओं के गले से चेन पार करने का अपराध स्वीकार किया।



### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश दिल्ली रवाना



**रायपुर।** कांग्रेस में बदलाव की चर्चा के बीच पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शुक्रवार की शाम को दिल्ली रवाना हुए। इससे पहले विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री बघेल ने कहा, दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं से कई विषयों पर चर्चा होगी। संगठन को लेकर श्री बघेल ने कहा, इस संबंध में निर्णय लेना पूरी तरह हाईकमान पर निर्भर है। मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। हाईकमान जो निर्णय लेंगे, वह हमें मानना होता है। क्या होगा, क्या नहीं होगा, इसके बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं। कयास सभी के द्वारा लगाए जाते हैं।

# चोरी की एक्टिवा से रायपुर-बिलासपुर में दर्जनभर वारदातें, तीन गिरफ्तार

- पकड़े गए बदमाश आपसी रिश्ते में भाई
- दो बदमाश फरार, 15 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर, दोपहिया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



चोरी की एक्टिवा पर घूम-घूमकर पिछले छह माह से तमाम वारदातों को अंजाम देने वाले तीन शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने 15 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा दो वाहन जब्त किए हैं। घटना में शामिल दो अन्य सगे भाई फरार हैं। पुलिस ने जिन तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है, वो आपस में रिश्ते के भाई हैं।

पुलिस के मुताबिक, चोरी के आरोप में किशन जांगड़े, गौरव बंदे, अभिजीत उर्फ बबलू जांगड़े को गिरफ्तार किया गया है। इन बदमाशों ने बिलासपुर के सरकंडा इलाके में चोरी की 9 घटनाओं को अंजाम दिया है। साथ ही बदमाशों ने डीडीनगर तथा खमतराई थाना क्षेत्र में कई चोरियां की हैं। पुलिस के अनुसार, बदमाशों ने पहले बिलासपुर में एक एक्टिवा चोरी की। इसके बाद उसी एक्टिवा की नंबर प्लेट बदल दी। फिर चोरी की एक्टिवा पर घूम-घूमकर सूने मकानों की रेकी कर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। एक अन्य फरार आरोपी आकाश उर्फ लल्ला बंदे के खिलाफ बेमेतरा थाने में नाबालिग से रेप का मामला दर्ज है। चोरी की घटना में शामिल आरोपी आशीष, आकाश तथा गौरव सगे भाई हैं।

### संदिग्ध हालत में घूमते पकड़े गए तो हुआ खुलासा

पुलिस ने किशन को संदिग्ध हालत में गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में पकड़ा। किशन पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। इसके चलते किशन से पुलिस ने सख्ती के साथ पूछताछ की तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी का अपराध कबूल किया। पुलिस के अनुसार, पूर्व में जेल में बंद गौरव के संपर्क में आने पर पांचों आपस में साथ मिलकर अपना अलग गिरोह बनाकर चोरी करने योजना बनाए तथा सिलसिलेवार चोरी की घटना को अंजाम देने लगे।

# मेडिकल में डॉक्टर की पर्ची बावजूद नहीं दी जा रही दवाई

हरिभूमि नन्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

इस समय अंचल के अनिद्रा के मरीजों को अधिकांश मेडिकल स्टोर्स के संचालकों द्वारा डॉक्टर की पर्ची होने के बाद भी दवाइयां नहीं देने की शिकायत मिल रही है। सारंगढ़ जिले के सरसीवां, भटगांव, बिलाईगढ़ इत्यादि जगहों में स्थित मेडिकल स्टोर्स के संचालकों द्वारा दवाइयां देने से इंकार करने की जानकारी मिल रही है। जब इसकी पड़ताल की गई तो शिकायत सही पाई गई। सरसीवां के ही महावीर मेडिकल स्टोर्स के संचालक विनय केडिया ने बताया की पर्ची होने पर मरीज को दवाइयां जरूर दी जाएगी। इस संदर्भ में सारंगढ़ रायगढ़ के ड्रग इंस्पेक्टर अमित राठौर ने बताया कि ऐसा कदापि नहीं होना चाहिए, मरीजों को डॉक्टर की पर्ची पर दवाइयां देने चाहिए वैध तिथि की पर्ची पर जो मेडिकल स्टोर्स के संचालक दवाइयां नहीं देंगे उन पर कार्रवाई होगी।

वहीं सरसीवा, भटगांव, बिलाईगढ़ अंचल के मेडिकल स्टोर्स देख रहे बलौदाबाजार के ड्रग इंस्पेक्टर राम ब्रजेश प्रजापति ने बताया कि डॉक्टर की पर्ची पर दवाइयां न देना गंभीर मामला है। इसकी जानकारी लेकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा की मेडिकल स्टोर्स वालों से विभाग सिर्फ ऐसी दवाइयों की स्टॉक की जांच की जाती है की किन मरीज को कितनी दवाईयां दी गई है लेकिन मेडिकल स्टोर्स वाले इतना ही डिटेल नहीं रख पाते, मेडिकल स्टोर्स वालों को चाहिए की डॉक्टर द्वारा जारी पर्ची की एक फोटोकॉपी अपने पास रख लें और मरीज को दवाइयां दे देना चाहिए। सरसीवां के महावीर मेडिकल स्टोर्स के संचालक विनय केडिया ने बताया कि डॉक्टर की वैध तिथि की पर्ची के अनुसार मेरे यहां मरीजों को दवाईयां दी जाती है।इस मामले में सारंगढ़ जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफआर निराला ने बताया कि पर्ची पर लिखे तिथि को देखकर मेडिकल स्टोर्स संचालकों द्वारा मरीजों को दवाइयां देनी चाहिए।

# राज्य शासन ने किया 32 डॉक्टरों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने 32 चिकित्सकों, चिकित्सा विशेषज्ञों को प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित करने का आदेश जारी किया है। सूची में डॉ. एमपी महेश्वर बलौदाबाजार-भाटापारा से रायपुर, डॉ. अनिल कुमार शुक्ला दुर्ग से अंबिकापुर, डॉ, प्रभात चंद्र प्रभाकर जिला अस्पताल मुंगेली से प्रभारी सीएमएचओ मुंगेली, डॉ. मनोज बर्मन राजनांदगांव से जांजगीर-चांपा, डॉ.घनश्याम सिंह कोरबा से प्रभारी सीएमएचओ जशपुर, डॉ. विपिन इंद्रवार प्रभारी सीएमएचओ जशपुर से प्रभारी सिविल सर्जन जशपुर, डॉ. अविनाश खरे कांकेर से चिरमिरी भरतपुर, डॉ. प्रेमसिंह मार्को बीएमओ लखनपुर सरगुजा से प्रभारी सीएमएचओ सरगुजा, डॉ. यूएल कौशिक जिला अस्पताल धमतरी से प्रभारी सीएमएचओ धमतरी, डॉ. एमआर कश्यप बस्तर से प्रभारी सिविल सर्जन सुकमा, डॉ. आशीष वर्मा बीएमओ पाटन से प्रभारी सीएमएचओ छुईखदान गंडई, डॉ. कृपाल सिंह मुंगेली से प्रभारी सीएमएचओ सक्ती,



डॉ. कपिल कश्यप दंतेवाड़ा से प्रभारी सीएमएचओ सुकमा, डॉ. आरएल गंगेश दंतेवाड़ा से प्रभारी सिविल सर्जन दंतेवाड़ा, डॉ. प्रफुल्ल कुमार रात्रे बीजापुर से प्रभारी सीएमएचओ कोंडागांव, डॉ. श्याम शंकर राज बस्तर से प्रभारी सीएमएचओ नारायणपुर, डॉ. रामकेश्वर सिंह कुशवाहा प्रभारी सीएमएचओ से प्रभारी सिविल सर्जन कोंडागांव, डॉ. प्रशांत कुमार सिंह बीएमओ सूरजपुर से प्रभारी सीएमएचओ कोरिया, डॉ. संतोष पटेल गरियाबंद को सक्ती, डॉ. अवधेश पाणिग्रही प्रभारी सीएमएचओ सक्ती से बरमकेला, डॉ. संजय पटेल बरमकेला से चिकित्सा अधिकारी बरमकेला, डॉ. अखलेश यादव दुर्ग से मनेंद्रगढ़, डॉ. कुलवंत सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महासमुंद से प्रभारी सीएमएचओ महासमुंद, महेश शांडिया प्रभारी सीएमएचओ सुकमा से प्रभारी सीएमएचओ कांकेर, डॉ. देवेंद्र पैकरा प्रभारी सीएमएचओ मुंगेली से शिशुरोग विशेषज्ञ मुंगेली, डॉ. स्वाति वी. सिसोदिया प्रभारी सीएमएचओ जांजगीर-चांपा से स्त्रीरोग विशेषज्ञ जांजगीर-चांपा, डॉ. सुरेश कुमार तिवारी प्रभारी सीएमएचओ मनेंद्रगढ़ से नेत्ररोग विशेषज्ञ सरगुजा, डॉ. आरएन गुप्ता प्रभारी सीएमएचओ से नेत्ररोग विशेषज्ञ सरगुजा, डॉ. अभय प्रताप सिंह तोमर प्रभारी सिविल सर्जन सुकमा से चिकित्सा अधिकारी सुकमा, डॉ. गणेश लाल वैष्णव प्रभारी सीएमएचओ खैरागढ़-छुईखदान से चिकित्सा अधिकारी खैरागढ़ छुईखदान, डॉ. टीआर कंवर प्रभारी सीएमएचओ नारायणपुर से बीजापुर, डॉ. आरसी ठाकुर प्रभारी सिविल सर्जन कोंडागांव से चिकित्सा अधिकारी कोंडागांव, डॉ. रनसिंह प्रभारी सीएमएचओ कोरिया से नेत्ररोग विशेषज्ञ कोरिया के नाम शामिल हैं।

# शतरंज खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे भाग




**पलारी।** विकासखंड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन पिछले दिनों हुआ। इसमें तेलासी, कोसमंदी, ओड़ान दतरेंगी, चरोदा, भवानीपुर, गुमा, माउंट लिटरा, पलारी सेजस, जर्वे सेजस, छेरकापुर स्टेटस, छेरकापुर सेजस विद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया। शतरंज खिलाड़ियों को 14, 17, 19 वर्ग में बांटा गया। चयनित खिलाड़ियों में अंडर 14 बालिका प्रनील वर्मा, वैभवी बंजारे, लवंन्या वर्मा, अंडर 17 बालिका धनेश्वरी वर्मा, चारू शर्मा, अंडर–19 बालिका प्रीति साहू, अंडर 14 बालक भाग्यराज शर्मा व कपिल धुर्वे, मयंक कुमार, अनिकेत वर्मा भूपेश वर्मा, अंडर 17 बालक दयावंत, लुभांशु, तनिष्क, कृपाल रजक, नीलकंठ, अंडर–19 बालक दीपांशु तिवारी, उदित नारायण, थानेश्वर साहू, प्रभात मांडले, मुकेश साहू शामिल हैं। यह सभी खिलाड़ी बलौदाबाजार में होने वाले जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### गो-सत्याग्रह, कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



**रायपुर।** जिला कांग्रेस रायपुर के सभी ब्लॉक में गो सत्याग्रह के दौरान जोरदार प्रदर्शन किया गया। अभनपुर में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष धनेंद्र साहू के नेतृत्व में अनुविभागीय कार्यालय में सैकड़ों गायों को लेकर प्रदर्शन किया गया, वहीं धरसींवा में जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा, अनीता शर्मा, डोमेशवरी वर्मा, दुर्गेश वर्मा, तिल्दा में शैलेश नितिन त्रिवेदी, जनकराम वर्मा, देवादास टंडन, बलदाऊ साहू शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### भाजपा कार्यालय गुण्डरदेही में मंडल अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

**गुण्डरदेही।** स्वतंत्रता दिवस पर भाजपा कार्यालय गुण्डरदेही में भाजपा मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी ने ध्वजारोहण किया।

### मोखा में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति



**गुरूर।** ग्राम मोखा में स्वतंत्रता दिवस पर प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला हाई स्कूल के तत्वावधान में छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत पुष्पेन्द कटेंन्द्र, शाला प्रबंध अध्यक्ष काशीराम कलिहारी, ग्रामीण विकास समिति अध्यक्ष राजेंद्र गंजीर, ग्रामीण विकास समिति उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिन्हा, ग्रामीण पटेल रामचरण नेवेन्द, कोषाध्यक्ष ग्रामीण विकास समिति उदय राम ठाकुर, ग्रामीण विकास समिति सह कोषाध्यक्ष फागू राम नेवेन्द्र, सहसचिव ग्रामीण विकास समिति विमल कुमार सिन्हा, ग्रामीण विकास समिति पूर्व अध्यक्ष हेमराज कलिहारी, पूर्व ग्रामीण विकास समिति अध्यक्ष कचरु राम साहू, ग्रामीण विकास समिति के समस्त पदाधिकारी व समस्त सदस्यों, ग्रामीण सदस्यों साथ ही प्रधानाचार्य व समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

### तरौद में प्रभारी प्राचार्य रघुनंदन ने किया ध्वजारोहण

**बालोद।** शासकीय हाई स्कूल तरौद में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रघुनंदन गंगबोईर ने ध्वजारोहण किया। उसके बाद ग्राम की गलियों में प्रभात फेरी निकाली गई। ग्राम की रामायण मंडली मंच पर ग्राम के प्राथमिक माध्यमिक आंगनबाड़ी एवं हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति हाई स्कूल तरौद माहेश्वरी ठाकुर थे, अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि धर्मेंद्र रामटेके ने की। इस अवसर पर ग्राम के सेवानिवृत सहायक परियोजना समन्वयक चतुर्भुज साहू, एमएल यादव, ग्राम पटेल मिलेंद्र निषाद, आत्माराम देवांगन, मलखम राणा, गुमान साहू, प्रधान पाठक माध्यमिक शाला विजय कुमार ठाकुर, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला देवांगन, आरती कोसरे, उत्तरा ठाकुर, कविता कश्यप, सोनकर, मानकर, खान, सहायक ग्रेड 2 शैलेंद्र नाथ योगी, शंभू साहू, उत्तम कुमार रावटे, के सुनहरे, सुरेंद्र देवांगन सहित ग्राम के समस्त नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चमन साहू ने किया।




**पर्व : आदिवासी छात्रावास प्रांगण में हुआ कार्यक्रम**

# दल्लीराजहरा में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस






हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

78वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर, लौह अयस्क समूह, दल्ली राजहरा के बीएसपी सी.एस.आर. आदिवासी छात्रावास प्रांगण में मुख्य अतिथि आरबी गहरवार मुख्य महाप्रबंधक (खदान) को सहायक सेनानी सी.आई.एस.एफ प्रिंस कुमार द्वारा टोपी भेंट कर अगवानी की। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि ने प्लाटून कमान्डर एवं परेड कमान्डर को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इसके साथ ही शैक्षणिक सत्र 2023-24 के राजहरा नगर के डी.ए.व्ही शाला, स्वामी आत्मानंद शाला, सरस्वती शिशु मंदिर, माँ भवानी शाला, श्री गुरुनानक शाला, गांधी विद्या मंदिर के कक्षा 10 वी एवं 12 वी. के 33 मेघावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया।

इसके अतिरिक्त डी.ए.व्ही. शाला के नीट में चयनित 6 एवं जेईई में चयनित 3 विद्यार्थियों को भी पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं राजहरा, दल्ली एवं सीआईएसएफ की टीमों के मध्य रस्साकशी का मैत्री मैच आयोजित किया गया। इसमें राजहरा माइंस की टीम विजेता रही।

इसी तरह नया बाजार स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्राचार्य टीआर रानाडे ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शैली सिंह एवं भूमिजा सार्वा तथा आभार प्रदर्शन महेश गोरे ने किया।

वहीं, दल्ली राजहरा के वार्ड नंबर 2 शांति नगर के आंगनबाड़ी केंद्र में तुलसीराम देवांगन गोपी राम निषाद सुभाष सोनवानी खेमचंद निषाद न



ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वीणा सुरेंद्र एवं सहायिका लोकेश्वरी साहू ने आभार प्रदर्शन किया।

इसी तरह दल्ली राजहरा के भीष्म रथ पर मुख्य महाप्रबंधक राजहरा खदान समूह आर बी गहरवार, नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने दल्ली राजहरा के व्यू पॉइंट में विशाल 100 फीट ऊंचे पोल पर ध्वजारोहण किया। भीष्म रथ का निर्माण तत्कालीन मुख्य महाप्रबंधक एसके शाहा द्वारा बीएसपी कर्मचारी अंकुश देवांगन के सहयोग से किया गया था। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में इनका नाम 2013 में दर्ज कर विश्व का सबसे बड़ा लौह रथ होने का गौरव प्राप्त है। इसकी लंबाई 80 फीट ऊंचाई 61 फीट व चौड़ाई 24 फीट है।

वहीं, छत्तीसगढ़ समन्वय समिति दल्ली राजहरा में समिति पदाधिकारी एवं सदस्यों के उपस्थिति में अध्यक्ष रामदास मानिकपुरी ने ध्वजारोहण किया। छत्तीसगढ़ समन्वय समिति के महासचिव श्री साहू ने कहा कि हमारे कई वीर सपूतों और बलिदानों के कारण हमें यह आजादी आज प्राप्त हुई है। उनके योगदान को हमें भूलना नहीं चाहिए। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी रामदास मानिकपुरी, अध्यक्ष, तोरण लाल साहू महासचिव, राधेश्याम साहू उपाध्यक्ष ,गोपी निषाद चैतराम सार्वा, संतराम सेन,रविशंकर,जे आर महिलागे राकेश गंगबेर,मोहन लाल साहू रेखा पारकर, मीनादास मानिकपुरी, विदया रावटे, पुष्पा शांडिल्य, संतराम सेन ,संतोष घराना, चेतन लाल साहू, एवं भूपेंद्र दिल्लीवार उपस्थित थे।

शाला गांधी विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दल्ली राजहरा में मुख्य अतिथि शिरोमणि माथुर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर लैलन साहू, बिहारी लाल ठाकुर, चरणजीत सिंह, राखी देवांगन, नीलम ठाकुर, आदिति माथुर विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला संचालन समिति के अध्यक्ष और शाला की प्राचार्या मंजू गुप्ता ने की तथा कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका दिव्या तिवारी और मधु मिश्रा ने किया।

शाला संचालन समिति के अध्यक्ष युवराज साहू ने विद्यार्थियों को अच्छे से पढ़-लिखकर राष्ट्र हित में अपना योगदान देने को कहा।

### प्रगति स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस




**डौडीलोहारा।** प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 78 वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय का ध्वजारोहण प्रधानाचार्य कीर्तिबाला टांक ने किया। इसके पूर्व महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि संस्था सचिव फूलचंद जैन, लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, प्राचार्य राजकुमार देवांगन, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष हर्षित जैन, भावेश सांखला सहित स्टाफ ने किया। उसके बाद प्रभातफेरी निकाली गई। उसके बाद मार्च पास्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। मार्चपास्ट की सलामी पालक समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार देशमुख ने ली। कार्यक्रम का संचालन ललित गौर व बलदेव सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम में नरेन्द्र लुंकड़, विपणन सहकारी समिति प्रबंधक पुरानिक सोनवानी सहित पालक एवं अन्य नागरिक उपस्थित थे।

## निको माइनिंग कंपनी गिधाली में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

स्वतंत्रता दिवस समारोह निको माइनिंग कंपनी गिधाली के संयत्र परिसर में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि आरपी देवांगन सहायक महाप्रबंधक ने ध्वजारोहण किया।

मुख्य अतिथि के आसंदी से आरपी देवांगन ने लोगों से कहा कि जब हम अपने कार्यक्षेत्र में अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी से करेंगे, तभी देश के विकास में हम सहायक बन पाएंगे। कार्यक्रम को श्रमिक संघ के दुर्गा प्रसाद साहू, ललित पटेल एवं गेंदलाल बलेंद्र ने भी संबोधित किया। इससे पहले आकर्षक तिरंगा यात्रा निकाली गई,



जिसमें कंपनी प्रबंधन के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ देव माइनिंग कंपनी के सभी अधिकारी ,कर्मचारी एवं मजदूर भी शामिल हुए। इसके साथ ही निको कंपनी के द्वारा संयंत्र परिसर में वृहद विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का संचालन



सीएसआर अधिकारी कुशल ठाकुर ने किया। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंधक शंकर साहू, वरिष्ठ प्रबंधक शशिकांत चौरसिया, सहायक प्रबंधक शैलेंद्र दुबे, आदित्य सिंह, पी आर कोसमे, युवराज ठाकरे, शशांक तिवारी ,नरेंद्र कुमार निषाद सहित संयंत्र के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

## कुसुमकसा सहित अंचल में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

स्वतंत्रता दिवस कुसुमकसा सहित ग्रामीण अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत कुसुमकसा में सरपंच शिवराम सिन्द्रामे ने ध्वजारोहण किया। साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला क्रमांक 1 व 2, कन्या प्राथमिक शाला, कन्या पूर्व माध्यमिक शाला, बालक पूर्व माध्यमिक शाला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ,आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ,सरस्वती शिशु मंदिर ,कुसुम पब्लिक स्कूल ,आर्युवेदिक औषधालय ,पशु चिकित्सालय ,आदिम जाति सेवा सहकारी समिति ,वन विभाग , समस्त आंगनबाड़ी केंद्र ,उप स्वास्थ्य



केंद्र ,सहित ग्राम के दीप चौक,बैगा पारा चौक,आदर्श चौक,आजाद चौक ,क्रांति चौक ,शांतिनगर बस स्टैंड चौक सहित चौराहों पर ध्वजारोहण कर मिठाइयां बांटी गईं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि देवलाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता भाजपा थे, अध्यक्षता शिवराम सिन्द्रामे सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा ने की। विशेष अतिथि, संजय बैस जनपद सदस्य, डा भूपेंद्र मिश्रा अध्यक्ष शाला प्रबंधन व विकास समिति शा उ मा विद्यालय , सुनीता यादव प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसुमकसा, पवारा बाई कोठारी, अमाय नागवंशी थे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## सहकारी समिति गुण्डरदेही में पूर्व अध्यक्ष प्रमोद ने किया ध्वजारोहण



**गुण्डरदेही।** किसान सहकारी विपणन समिति प्रांगण गुण्डरदेही में पूर्व अध्यक्ष प्रमोद जैन ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर समिति के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### सशिमं में स्वतंत्रता दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम



**डौंडीलोहारा।** स्थानीय सरस्वती शिशमंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में ध्वजारोहण के बाद प्रभात फेरी संगीता सोनी दीदी के मार्गदर्शन में निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन साहू थे, अध्यक्षता सियाराम सार्वा प्रांतीय सचिव बिलासपुर कोनी छत्तीसगढ़ ने की। विशेष अतिथि डेरहाराम केकती सेवानिवृत्त शिक्षक, महेन्द्र जायसवाल सह सचिव, संस्था प्रमुख डोमार सिंह साहू प्राचार्य, भोलाराम साहू गायत्री प्रज्ञापीठ डौंडी लोहारा तोषण कुमार चुरेन्द्र सरपंच धनगांव थे। कार्यक्रम का संचालन सेवंत कुमार देवांगन के मार्गदर्शन में बहन रुद्राणी तथा आभार प्रदर्शन दीदी प्रतिभा सुकतेल ने किया। इस अवसर पर समिति के समस्त पदाधिकारी, प्रधानाचार्य एवं विद्यालय के समस्त आचार्य, दीदियाँ, पूर्व छात्र, अभिभावकगण व मातृशक्तियां उपस्थित थीं।

## नेमीचंद जैन महाविद्यालय में किया गया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वतंत्रता दिवस पर शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय में ध्वजारोहण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अरुण कुमार एवं महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय के



नवनिर्वाचित जन भागीदारी अध्यक्ष भूपेंद्र छतवाल को महाविद्यालय एनएसएस के स्वयंसेविका एवं सामाजिक कार्यकर्ता कल्पना बम्बोड़े ने श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेविका आंचल मेश्राम, प्रिया दुग्गा, दुर्गा एवं अन्य छात्र उपस्थित थे।

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित बारगांव में हुआ ध्वजारोहण

**बेमेतरा/बेरला।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित बारगांव में स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने सेवा सहकारी समिति मर्यादित बारगांव में कर्मचारियों व गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत देश को आजाद कराने के लिए कई महापुरुषों ने अपनी जान की कुर्बानी दी। आज का यह दिन उन महापुरुषों के नाम है और उनको नमन करने का है। देश को स्वतंत्रता दिलाने वाले वीर



शहीदों को कभी नहीं भुलाया जा सकता। प्रभारी प्रबंधक अनिल यादव ने कहा कि देश के सुनहरे भविष्य के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर बलिदानियों को याद कर हमें देश के लिए कुछ करना होगा। इस दौरान खाद इंचार्ज रमेश साहू, लिपिक देवेंद्र राजपूत, बूथ अध्यक्ष विष्णु साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज यादव, चौकीदार टीकाराम निषाद, शांतिलाल वर्मा, अशोक यादव आदि उपस्थित थे।

## मां बहादुर कलारिन कालेज में किया गया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय मे ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण डायरेक्टर मां बहादूर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर टीसी देवांगन ने किया। उसके बाद महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि छ.ग कलार समाज कार्यकारिणी सदस्य डॉ घनश्याम सिन्हा थे, अध्यक्षता डायरेक्टर टीसी देवांगन ने की। विशेष अतिथि अधिवक्ता व पूर्व जिला अध्यक्ष छ.ग कलार समाज बालोद विनेश गजेन्द्र, अधिवक्ता व जिला मंत्री छ.ग कलार समाज बालोद चन्दहास सिन्हा, मुरारी दास, सेवानिवृत्त प्राचार्य कलिहारी, प्राचार्य डामिनी साहू, डोमेश सिन्हा, प्रियंका साहू, राकेश कुमार पारकर, निर्मल सिन्हा उपस्थित थे।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### डौण्डी थाना प्रभारी ने क्षेत्र के शहीदों के परिजनों से भेंट

**डोंडी।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना डौण्डी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर थाना क्षेत्रांतर्गत आने वाले गांव के शहीद आर. 1093 उमेश कुमार कुंजाम पिता राजेन्द्र सिंह कुंजाम निवासी ग्राम अंवारी, आर. 115 राजेश गुनेन्द्र पिता गीताराम गुनेन्द्र निवासी भर्रीटोला, उपनिरीक्षक आशाराम अंबाले पिता रामाधीन अंबाले निवासी ग्राम कांड़े, एपीसी रमेश कुमार निर्मलकर पिता स्व. बिसालसिंह निर्मलकर साकिन ढोरीठेमा, प्र.आर 53 आशाराम दुग्गा पिता स्व. जयलाल दुग्गा निवासी ग्राम जबकसा, आर. 1167 लवन सिंह गावड़े पिता रंजन सिंह गांवड़े साकिन पचेड़ा को थाना डौण्डी पुलिस द्वारा सभी शहीद के परिजनों से भेंट की। इस अवसर पर शहीदों के परिजनों को श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही शहीदों के स्मारक पर जाकर मल्यार्पण अर्पित किया गया। इस अवसर पर निरीक्षक मुकेश सिंह थाना प्रभारी डौण्डी, सउनि दुर्जन लाल रावटे, प्र.आर. 291 दीपक नरेटी एवं आर. 648 अजय माहला ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। भेंट मुलाकात के दौरान शहीद जवानों के परिजनों ने कुछ समस्याएं बताईं, जिन्हें प्रभारी मुकेश सिंह ने उच्च कार्यालय में जानकारी भिजवाने की बात कही।

### संजीवनी 108 एम्बुलेंस के पायलेट शेखर व ईएमटी मनीषा सम्मानित



**बालोद।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने जिले के कई अधिकारी कर्मचारियों को उनके उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। इस क्रम में जिले के संजीवनी 108 एम्बुलेंस के पायलेट शेखर सिन्हा और ईएमटी मनीषा साहू को भी उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें सम्मानित किया गया। जिले में संजीवनी 108 एंबुलेंस की टीम घटना दुर्घटना में घायलों सहित बीमार व्यक्तियों को तत्परता के साथ अस्पताल पहुंचाने में चौबीस घंटे तैनात रहते हैं। वहीं घायलों व बीमार व्यक्तियो का एम्बुलेंस में ही उपचार शुरू कर देते हैं। इस बार स्वतंत्रता दिवस के मौके पर संजीवनी 108 एम्बुलेंस में कार्य करने वाले पायलेट शेखर सिन्हा और ईएमटी मनीषा साहू को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

### नशे में गिरने से मौत

**भिलाई।** शराब पीकर गिरने से व्यक्ति की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। सीएसपी छावनी हरीश पाटिल ने बताया कि सुभाष नगर वार्ड 39 निवासी अनिल शर्मा की लाश सड़क पर मिली।

#### निधन

### अनुज साहू



**गुरूर।** ग्राम उसरवारा निवासी अनुज साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे लाकेश्वरी बाई के पति, सुमित्र बाई के बेटे, पुनमचंद के भाई, उज्जवला व छबिप्रभा के पिता थे।

---

**पर्व : शिक्षकों ने कहा- भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक है रक्षाबंधन**

# स्कूलों में एक दिन पहले दिखा रक्षाबंधन का उत्साह, छात्राओं ने छात्रों को बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ में भाई बहन के अमर प्रेम के प्रतीक का पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने कहा कि रक्षाबंधन पर बहनें अपने भाई को रक्षासूत्र बाँधती हैं और भाई जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं। यह श्रावण माह के पूर्णिमा में मनाया जाने वाला प्रमुख त्यौहार है। इस पावन पर्व के शुभ अवसर पर बच्चों ने राखी के सुंदर मनभावन चित्र बनाए। शिक्षकाओं की मदद से पुराने कपड़ों से फूल की आकृति काटकर गत्ते पर चिपकाकर एवं रेशमी धागे और मोती से राखी बनाई। शिक्षकों ने बच्चों से रक्षाबंधन के संबंध में बातचीत की और उन्हें अपने अनुभव सुनाने का अवसर दिया। राखी का त्यौहार भाई बहन को भावनात्मक तौर पर जोड़ता है। अपनी इसी संस्कृति का निर्वहन करती छात्राओं ने अपने छात्र भाइयों की आरती उतारी, और तिलक लगाकर कलाइयों पर राखी बांधी और श्रीफल भेंट किया तथा मिठाई खिलाकर मुँह मीठा कराया। भाइयों ने प्रेमपूर्वक छात्रा बहनों को उपहार भी दिया।

**शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ में मना रक्षाबंधन**



### पेड़ों को भी बांधी राखी

शाला परिवार ने शाला प्रांगण में लगे पेड़ों को भी राखी बाँधकर उनकी सुरक्षा का वचन दिया। नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने बताया कि शाला परिवार ने कुछ दिन पूर्व एक राखी देश के नाम, एक राखी भारतीय सेना के नाम राष्ट्र प्रथम के भाव को प्रथम तथा आम जनमानस में भारतीय सेना के प्रति गौरव भाव बढ़ाने के लिए शाला स्तर पर भारतीय सेना के लिए राखी भेजकर बड़ी पहल की थी। इस पावन अवसर पर प्रधानपाठक विशेषर नेताम, स्वागता कर्मकार रिसोर्स परसन अजीम प्रेमजी फाउन्डेशन, एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## प्राथमिक शाला साल्हेपुर में मनाया गया रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा




प्राथमिक शाला साल्हेपुर विकासखण्ड बेरला में बैगलेस डे के अवसर पर शाला में अध्ययनरत बालक और बालिकाओं ने रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया। इस दौरान शाला की प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल, प्रदीप ठाकुर और डागेंद्र निषाद शिक्षक के नेतृत्व में बच्चों ने पारंपरिक रक्षाबंधन गतिविधियों में भाग लिया। जिसमें राखी बांधना, मिठाइयाँ बाँटना और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। शाला की प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल ने बच्चों को बताया कि रक्षा बंधन हिंदुओं के लिए एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। इस त्यौहार से जुड़ी किंवदंतियों में से एक महाकाव्य महाभारत से उत्पन्न होती है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक भगवान कृष्ण की उंगली सुदर्शन चक्र से कट गई थी। यह देखकर द्रौपदी ने खून रोकने के लिए अपनी साड़ी का एक टुकड़ा फाड़कर चोट पर बांध दिया। इस पर भगवान कृष्ण ने हमेशा द्रौपदी की रक्षा करने का वचन दिया। उन्होंने यह वचन तब पूरा किया जब द्रौपदी को हस्तिनापुर के शाही दरबार में सार्वजनिक अपमान का सामना करना पड़ा। चीर हरण के समय द्रौपती की रक्षा की। तब से रक्षा बंधन का त्यौहार भाई-बहन के प्यार व भाइयों द्वारा बहनों की रक्षा के प्रतीक के रूप में भी मनाया जाता है।



**स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर नवागढ़ में मना रक्षाबंधन**

**नवागढ़।** स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल नवागढ़ में शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। कक्षा 9वी से लेकर कक्षा 12 वीं तक की छात्राएं बहुत ही सुन्दर राखी बनाकर लाई थीं। एक ओर जहां बहनों ने तिलक लगाकर भाइयों की कलाई में रक्षा का सूत्र राखी बांधकर उनके दीर्घायु होने की कामना की, तो भाइयों ने भी जीवन पर्यन्त बहनों की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सीमा जायसवाल ने रक्षाबंधन की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व भाई बहन का एक अनूठा पर्व है जो श्रावण मास की पूर्णमासी को मनाया जाता है। जहां बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी एक पवित्र धागा बांधती हैं, जो स्नेह, प्यार व कल्याण का एक प्रतीक होता है भाई अपने बहनों की रक्षा करने का वादा करते हैं। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के समस्त शिक्षिकाओं ने समस्त शिक्षक को भी रक्षा सूत्र बांधकर दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नरेश कुमार साहू समस्त स्टॉफ सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पूर्व माध्यमिक शाला घिवरी और आंगनबाड़ी केन्द्र में मना रक्षाबंधन

**बेमेतरा।** शनिवार को बस्ता विहीन दिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घिवरी एवं आंगनबाड़ी केन्द्र घिवरी के बच्चों ने रक्षाबंधन का पर्व उत्साह के साथ मनाया। प्रधान पाठक पंचराम साहू की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में शाला के शिक्षक मनोज कुमार कश्यप, लोकेश्वर दास मानिकपुरी और शिक्षिका उषा पाटकर ने भी बच्चों के साथ रक्षाबंधन मनाया। इस अवसर पर स्कूल के कर्मचारी अनल सिंह राजपूत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सविता राजपूत और सहायिका अरूण लोधी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शाला के विद्यार्थियों द्वारा प्रधान पाठक एवं सभी शिक्षकों के हाथों में मेहंदी रचाना रहा। कई छात्राओं ने अपने हाथों से राखियां बनाईं व अपने मित्रों को राखियां बांधी। मिठाई खिलाई।



### बाल संस्कार शिशु मंदिर में मनाया गया रक्षाबंधन

**थानखम्हरिया।** समीपस्थ बाल संस्कार शिशु मंदिर बरगा में वैदिक रक्षा सूत्र रक्षा से सदैव रक्षा हों तथा महान बने सदैव लोक कल्याण कारी बनें, देश हितकारी बने, ऊर्जावान बनें, कभी भी किसी निर्दोष साधु संतों का भूलकर भी अपमान नहीं करें सबका मंगल सबका भला करें ऐसी शुभ संकल्प लिया गया। तत्पश्चात भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा का वचन दिया। जीवन की प्रत्येक परिस्थितियों में मैं आपकी अवश्य ही रक्षा करुँगा।



## देवकर में छात्राओं ने उतारी छात्रों की आरती, तिलक लगाकर बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में हर्षोल्लास के साथ भाई बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का पर्व मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर छात्राओं द्वारा शिक्षक के सहयोग से बच्चों ने चावल, गुलाल, फूल, मिठाई से थाली सजाई और राखी बनाई गई। शासकीय बालक प्राथमिक शाला देवकर से बालकों व शिक्षकों को उक्त पर्व हेतु शाला में आमंत्रित किया गया। छात्राओं द्वारा बालकों (भाइयों) को तिलक व पीले चावल का टीका लगाकर, आरती कर, मुँह मीठा कराकर रक्षा सूत्र बांधा गया। भाइयों द्वारा अपनी बहनों को रक्षा का वचन और उपहार प्रदान किया गया। बालिकाओं द्वारा भाइयों को चकरी का खिलौना उपहार प्रदान किया गया। प्रधान पाठिका अहिल्या कुंजाम ने सभी बच्चों को मिठाई खिलाई। उल्लेखनीय है कि शाला में प्रत्येक त्यौहार को उत्साहपूर्वक और पूरे विधिविधान से, नियमानुसार मनाया जाता है। जिससे बच्चे अपनी संस्कृति को जान सकें और उसका सम्मान कर सकें। कार्यक्रम में मैमुना सुल्ताना, श्वेता वर्मा, आशुतोष चौबे, वीणा रावटे, बालक शाला से प्रधान पाठिका अहिल्या कुंजाम, हरेंद्र यादव, पुष्पा, महेसिया, सुनीता, रामप्यारी, सुंदर, राकेश देवांगन उपस्थित थे।

### शासकीय विद्यालय सिंघौरी में बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन

**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में बस्ता मुक्त दिवस पर रक्षाबंधन उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्कूली बच्चों ने स्वनिर्मित राखी लाकर भाई-बहन की परंम्परा की निर्वहन करते हुए अपने-अपने सहपाठी भाइयों के कलाइयों में राखी बांधी और मिठाई खिलाकर आशीर्वाद लिया। शाला में इस अवसर पर संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा, संकुल समन्वयक धनीराम बंजारे सहित सरस्वती साहू, आगेश्वरी साहू, राजेश्वरी ठाकुर, देवेंद्र साहू, नुतेश्वर चंद्राकर एवं प्रशांत बघेल उपस्थित रहे।



---

## दल्लीराजहरा सर्व समाज समरसता समिति ने मनाया सावन महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा



सर्व समाज समरसता महिला समिति के तत्वावधान में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में सभी समाज की महिलाओं ने अपनी सहभागिता प्रदान की। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न खेलकूद का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान पुष्पा शांडिल्य रहीं, द्वितीय स्थान में राजेश्वरी साहू, आकाश पाताल खेल में सुनीता पटेल प्रथम स्थान पर रहीं, द्वितीय स्थान पर विमला साहू, अंताक्षरी में सुषमा हरदाहा प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान पर दीपा दासानी रहीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूरोबी वर्मा एवं सत्या साहू थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदा पसीने ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि वीणा साहू द्रौपदी साहू थीं। मंच संचालन अनुराधा सिंह तथा आभार प्रदर्शन देवांतिन पारकर ने किया। कार्यक्रम में संगीता रजक जानवी उदासी मेघा साहू मंजू साहू सरस्वती यादव अनीता साहू दामिनी साहू आशा साहू सुखवंतिन ठाकुर किरण सिंन्हा रमणी बाग आशा साहू भूमिका साहू बेदन साहू मेघा साहू गीता मरकाम पूजा तेजवानी, पुष्पा साहू दुर्गा सविता वर्मा निर्मला साहू गीता बाली भारद्वाज सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थीं।

## गुरूर विकासखंड में अनेक स्थानों पर हुआ ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

ब्लॉक मे 15 अगस्त का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शासकीय, अर्धशासकीय स्कूलों, चौराहों, पंचायतों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में ध्वजारोहण किया गया। शासकीय हाईस्कूल करेंझर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

ध्वजारोहण संस्था के प्राचार्य डीआर साहू ने किया। गली भ्रमण पश्चात हाईस्कूल प्रांगण में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष बलराम गोटी थे। अध्यक्षता सरपंच नरेन्द्र सिन्हा ने किया। ग्राम पटेल भुनेश्वर गंगवंशी, रामधीन धुव, बीआरसीसी चन्द्रभान निर्मलकर, उपसरपंच नरोत्तम धुव अतिथि के रुप मे थे। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ग्राम पटेल भुनेश्वर गंगवंशी ने पांचवीं, आठवी, दसवीं के बच्चों को कक्षा में प्रथम आने पर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर नरेश सलाम, रामाधीन धुव, गोदावरी बाई, सरस्वती बाई, हेडमास्टर दिलीप सिन्हा, हुमेन्द्र साहू, युगल साहू, देवेन्द्र देवांगन, दिलीप साहू, शामिल थे। कोचवाही में ग्राम पंचायत भवन में ध्वजारोहण सरपंच भुनेश्वरी यादव ने झंडा रोहण किये। आंगनबाड़ी केंद्र, प्राइमरी, मिडिल एवं हायरसेकेन्डरी स्कूल के बच्चों ने प्रभात फेरी निकालकर गली भ्रमण किया। बाजार चौक कलामंच में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि सरपंच भुनेश्वरी यादव थीं, अध्यक्षता ग्राम पटेल विष्णु ठाकुर ने की। रिटायर कैप्टन जगमोहन साहू, प्राचार्य प्रतिभा सिन्हा, उपसरपंच तैय्यब अली, रोहित यादव अतिथि के रुप में शामिल थे। स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

## विधायक भेड़िया ने कांग्रेस भवन में किया झंडारोहण



**डौंडीलोहारा।** स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ के अवसर पर डौंडीलोहारा के विधायक अनिला भेंडिया ने कांग्रेस भवन में अपने कार्यकर्ताओं के साथ झण्डारोहण किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी की 78वीं वर्षगांठ पर हमें अपने भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेना है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव अनिल लोढा, हस्तीमल सांखला, गोपाल प्रजापति, लोकेश्वरी गोपीसाहू, डोमेन्द्र साहसी,अशोक चनाप, प्रकाश शर्मा, शेखफरीद सिद्दकी,धर्मेन्द्र नायक, तिलक सोनी, कमलेश टाक, राकेश सांखला, सरोज पटेल, विद्या शर्मा, ममता शर्मा, अनिता साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित थे।




## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व पीएम वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर



भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्य तिथि पर भाजपा मण्डल गुरुर जागृति भवन में पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के साथ आम जनों ने भी स्व अटल बिहारी को श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में भाजपा मण्डल गुरुर के अध्यक्ष कौशल साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंद किशोर शर्मा, पूर्व जनपद पंचायत गुरुर अध्यक्ष ईशा प्रकाश साहू, महामंत्री भुवन साहू, मेहत्तर नेताम, प्रदीप साहू, पन्ना साहू, तम्राज सिन्हा, चंदन सिन्हा, युवा मोर्चा गुरुर महामंत्री अजेंद्र साहू, पीमन साहू, नरेंद्र साहू, शशिकांत जगदल्ले, रवि साहू, प्रमोद सिन्हा, जीवन साहू, विक्की साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।